Daily COVID-19 Updates

16 May, 2020



प्रवासी श्रमिकों की सकुशल 'घर वापसी' की प्रतिबद्धता

कोरोना के चलते देशव्यापी लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों के समक्ष आई गंभीर समस्याओं का समाधान मोदी सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू से ही किया जा रहा है. इसके लिए अलग-अलग मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों को समय-समय पर दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते रहे हैं. इसी क्रम में पुनः गृह मंत्रालय ने राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों से प्रवासी श्रमिकों की पैदल घर वापसी न होने देने और सरकार द्वारा चलाई जा रही बसों और विशेष श्रमिक रेलगाड़ियों के माध्यम से ही उनकी घर वापसी सुनिश्चित करने हेतु एक और पत्र भी लिखा है. गृह मंत्रालय ने राज्य की सरकारों को यह सलाह दी है कि जब तक प्रवासी श्रमिकों को उनके मूल गन्तव्य तक जाने के लिए विशेष 'श्रमिक' रेलगाड़ियों या बसों की सुविधा न मिले तब तक उन्हें निकट के आश्रयों में ले जाकर भोजन और जल जैसी मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध करायी जाएँ. लेकिन कुछ राज्यों द्वारा अपनाई गई लचर व्यवस्था के कारण इस प्रक्रिया में अड़चन भी आ रही है, जिसे दूर करने के लिए केंद्र सरकार समुचित प्रयास कर रही है. बावजूद इसके देश के कई हिस्सों से प्रवासी श्रमिकों के सड़कों, रेल पटरियों और ट्रकों में यात्रा करने की ख़बरें आ रही हैं. इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को फिर से लिखा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह प्रवासी श्रमिक अपनी घर वापसी के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर पैदल यात्रा न करें. वहीँ दूसरी ओर रेल मंत्रालय ने 15 मई तक 14 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों को तकरीबन 15 दिन में उनके गृह राज्य पहुंचाया है. 15 मई तक देश भर में कुल 1074 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है. रेल मंत्रालय के आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले 3 दिन में करीब 6 लाख लोगों को उनके गृह राज्य पहुँचाया गया है. गौरतलब है कि प्रवासी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता दिखाते हुए उन्हें यात्रा के दौरान मुफ्त भोजन और पानी भी दिया जा रहा है. इन 1074 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों को आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, गोवा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार जैसे विभिन्न राज्यों के लिए चलाया गया है. उत्तर प्रदेश की

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने इस विषय की गंभीरता को समझते हुए पुनः प्रवासी श्रमिकों/कामगारों से पैदल यात्रा न करने की अपील की है. उत्तर प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश की सीमा में श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के प्रवेश के दौरान ही यह सुनिश्चित कराया जाए कि यात्रियों को भोजन व पानी की कोई दिक्कत ना हो. इसके अलावा प्रदेश सरकार ने बॉर्डर क्षेत्र के प्रत्येक जनपद में 200 बस तैयार रखने का आदेश दिया है, जिससे श्रमिकों को सुरक्षित उनके घर भेजा जा सके. इसके लिए यूपी सरकार ने धनराशि भी स्वीकृत कर दी है. प्रत्येक गाँवों में एक अल्ट्रारेड थर्मामीटर की उपलब्धता के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में वेंटिलेटर के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता को भी अनिवार्य कराया जा रहा है. बहरहाल, प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं का निपटारा करने हेतु मोदी सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों को सभी राज्य सरकारों को अविलम्ब अमल में लाने की दरकार है, जिससे प्रवासी श्रमिकों की सकुशल घर वापसी हो सके.

Positive India:

1. MP के 9 जिले कोरोना मुक्त, एक्टिव केस में भी गिरावट- https://www.jagran.com/news/national-live-india-coronavirus-updates-near-about-82-thousand-cases-and-2600-deaths-reported-till-now-lb-20275917.html

2. सात भाषाओं में इस ऐप से मदद कर रही देशभर में डॉक्टरों की टीम- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-fighting-device-with-this-telemedicine-app-doctors-helping-in-seven-languages-20276134.html

3. संघ के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता सैनिकों के पैर धोकर किया सम्मान- https://www.jagran.com/news/national-sangh-volunteers-felicitated-by-washing-feet-of-sanitation-soldiers-20276144.html

4. Covid-19: भारत में कोरोना टेस्ट ने पकड़ी रफ्तार, RT-PCR परीक्षणों की संख्या 20 लाख के पार- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-more-than-20-lakh-rt-pcr-tests-conducted-in-india-20275999.html

5. कोरोना संकट में काम आई मोदी-ट्रंप की दोस्ती, अमेरिका से 3 सप्ताह में करीब 20 करोड़ की कीमत के 200 वेंटिलेटर आएंगे भारत- https://www.livehindustan.com/national/story-donald-trump-200-ventilators-for-india-cost-usd-2-6-million-reaching-in-3-weeks-amid-coronavirus-outbreak-3217866.html

6. कोरोना महामारी: मजदूरों तक मुफ्त अनाज पहुंचाने के लिए प्रक्रिया जल्द- https://www.livehindustan.com/national/story-process-to-deliver-free-grain-to-laborers-soon-3217729.html

7. देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की वृद्धि दर 3.8 फीसदी, अब तक की सबसे कम; डबलिंग रेट 18 दिन-

https://www.livehindustan.com/national/story-india-coronavirus-growth-rate-of-active-cases-near-four-percent-3217510.html

8. संकट में राजस्थान के ये रोबोट करेंगे कोरोना योद्धाओं की मदद, थर्मल स्क्रीनिंग से लेकर मास्क न पहनने वालों की कर लेता है पहचान- https://www.livehindustan.com/national/story-coronavirus-updates-robots-can-help-health-workers-amid-covid19-pandemic-as-it-robot-can-do-thermal-screening-3217754.html

9. IAS trainees gear up to join Covid-19 fight- https://www.hindustantimes.com/india-news/ias-trainees-gear-up-to-join-covid-19-fight/story-nd4nNuDaoBG8SW8edlwImJ.html

10. BIS relaxes conditions to push N95 mask production- https://timesofindia.indiatimes.com/india/bis-relaxes-conditions-to-push-n95-mask-production/articleshow/75771249.cms

11. Covid-19: India likely to produce 2 crore PPE by June-end- https://timesofindia.indiatimes.com/india/covid-19-india-likely-to-produce-2-crore-ppe-by-june-end/articleshow/75769392.cms

Salient Points of Press conference by Finance Minister Nirmala Sitharaman on Aatma Nirbhar Bharat Package

- Structural reforms are the basis of today's announcements. These will be in horizons that will contribute to growth and employment possibilities.

- Incentive schemes for Promotion of New Champion Sectors will be launched in sectors such as Solar PV manufacturing etc. This will be helped by Fast track investment clearance through empowered group of secretaries (EGoS).

- Govt. to bring in Policy Reforms to fast-track Investment; Project Development Cell in each Ministry to prepare investible projects, coordinate with investors and Central/ State Governments.

- Scheme will be implemented in States through Challenge mode for Industrial Cluster Upgradation of common infrastructure facilities and connectivity.

- Govt. brings Policy Reforms in Coal Sector: White heavy check mark Introduction of Commercial Mining in Coal Sector, White heavy check mark Investment of Rs 50,000 crores and White heavy check mark Liberalised Regime in Coal Sector.

- Enhancing Private Investments in the Mineral Sector: Structural reforms to boost growth, employment and bring state-of-the-art technology.

- FDI limit in the defence manufacturing under automatic route will be raised from 49% to 74%.

- More World-class Airports through PPP: Another 6 airports will be put out for the third round of bidding.

- A Tariff Policy laying out the reforms in Black small square Consumer Rights, Black small square Promote Industry and Black small square Sustainability of Sector to be released.

- Power Departments /Utilities in Union Territories to be privatised.

- Boosting private sector investment in Social Infrastructure through revamped Viability Gap Funding Scheme with a Total outlay of Rs 8100 crores.

- Boosting private participation in Space activities: Govt. to provide predictable policy and regulatory environment to private players.



India Fights Corona (COVID-19 Updates)

- पिछले 24घंटों में भारत में कोरोना वायरस के 3,970 मामले सामने आए हैं और 103 मौतें हुई हैं। देश में अब कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 85,940 है(इसमें 53,035सक्रिय मामले, 30,153ठीक/ डिस्चार्ज/ विस्थापित हो चुके मामले और 2,752मौतें शामिल हैं): स्वास्थ्य मंत्रालय

- राज्य में कोरोना वायरस संक्रमित पुलिस कर्मियों की संख्या अब तक 1,140 है, इसमें 862 सक्रिय मामले, 268 ठीक हो चुके मामले और 10 मौतें शामिल हैं: महाराष्ट्र पुलिस

- कर्नाटक में आज कोरोना वायरस के 23 नए मामले सामने आए हैं, इसके बाद राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 1,079 हो गई है जिसमें 494 डिस्चार्ज हो चुके मामले और 36 मौतें शामिल हैं। राज्य में कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 548 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- पिछले 24 घंटों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के 3 और कर्मियों में कोरोना वायरस मिला है। देश भर में CISF में कोरोना वायरस के मामलों की कुल संख्या अब 118 है: केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)

- आज सुबह 9बजे तक ओडिशा में कोरोना पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 737 हो गई। राज्य में कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 568 है, 166 लोग कोरोना वायरस से ठीक/ डिस्चार्ज हुए हैं, वहीं 3 लोगों की मौत हुई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- राजस्थान में आज सुबह 9 बजे तक कोरोना वायरस के 91 नए मामले सामने आए हैं। राजस्थान में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 4,838 हो गई है, इनमें से 1,941 सक्रिय मामले हैं। राज्य में कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 125 है: राजस्थान स्वास्थ्य विभाग

- मिजोरम में कोविड 19 महामारी के प्रकोप को रोकने के लिए लॉकडाउन की अवधि 18 मई से 31 मई तक और बढाने के बारे में राज्यॉ स्तडरीय कार्यबल ने विचार-विमर्श किया।

- देश भर में अब तक 21 लाख 34 हजार 277 लोगों का कोविड 19 के लिए परीक्षण किया जा चुका है: आईसीएमआर

- पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में COVID19 के 105 मामले दर्ज किए गए हैं, कुल मामलों की संख्या 2576 हो गई है, जिसमें 892 ठीक हो चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 7 लोगों ने संक्रमण से दम तोड़ दिया: राज्य के गृह सचिव

COVID-19 Updates (Worldwide)

- Dubai Health Authority (DHA) launches highly-sophisticated mobile unit to conduct testing for COVID19 in densely populated areas, especially labour camps.

- President Donald Trump says, US is working with India on developing a vaccine for COVID19, praising Indian-Americans as great scientists and researchers.

- Slovenia becomes first European nation to proclaim end to coronavirus epidemic at home.

- Corona infection crosses 20,000 in Bangladesh; oldest Eid congregation suspended.

- UAE Ministry of Health and Prevention has announced 747 new cases of Covid19 in the country among various nationalities, bringing the total number of infections in the country to 21,831.

- US records 1,680 coronavirus deaths in the past 24 hours, bringing its total to 87,493, with a total of 1,442,924 confirmed cases, according to the latest real-time tally by Johns Hopkins University.

- At least 4,503,811 coronavirus infections including 305,424 deaths have been reported globally, with Europe the hardest hit region with 1,848,790 cases and 164,145 deaths, according to AFP tally.

- The IMF approved a $520 million loan for Jamaica to help the island nation deal with urgent needs raised by the COVID-19 pandemic.

- Italy to lift travel restrictions as lockdown eases: BBC

- US President Donald Trump vows coronavirus vaccine will be ready by end of 2020: BBC

आत्मनिर्भर बनने की राह: पैकेज से एमएसएमई की गरीबी, बेकारी और पलायन का होगा समाधान

विकसित देशों के पिछले दो सदी के इतिहास को देखें तो शहर प्रवास और व्यापार विकास के कारगर हथियार रहे हैं। विश्व बैंक ने भी इसी नुस्खे को गरीबी उन्मूलन का सशक्त हथियार माना है। इसीलिए तीसरी दुनिया के देशों ने इस नुस्खे को अपनाने में देर नहीं की, लेकिन लॉकडाउन के दौरान पैदा हुई विकट हालात देखें तो विकसित देशों का यह फॉर्मूला भारत में फेल नजर आता है। पोटली में अपनी गृहस्थी समेटे लाखों लोग पैदल, साइकिल, रिक्शा, ट्रक, रेल आदि से अपने-अपने गांवों की ओर कूच कर रहे हैं।

यह मजबूरी खेती के घाटे का सौदा बनने और देश भर में फैले करोड़ों लघु और कुटीर उद्यमों के तहस-नहस होने से पैदा हुई। नतीजा यह हुआ कि गांवों-कस्बों से महानगरों की ओर पलायन बढ़ा, लेकिन इन कामगारों को विकसित देशों की भांति सामाजिक सुरक्षाएं हासिल नहीं हुईं। इसी को देखते हुए 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज के पहले चरण में सबसे अधिक राहत एमएसएमई को दी गई है। इस पैकेज के जरिये एमएसएमई की वे तमाम मांगे मान ली गईं जिन्हें एक अर्से से उठाया जा रहा था। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है एमएसएमई की परिभाषा में बदलाव। अब एक करोड़ निवेश या 10 करोड़ टर्नओवर वाले उद्यमों को सूक्ष्म उद्योग, 10 करोड़ निवेश या 50 करोड़ टर्नओवर वाले उद्यमों को लघु उद्योग और 20 करोड़ निवेश या 100 करोड़ टर्नओवर वाले उद्यमों को मध्यम उद्योग का दर्जा दिया गया है। जिस दौर में बिजली, सड़क, ब्रांडबैंड, ई-कॉमर्स जैसी शहरी सुविधाएं देश के लाखों गांवों-कस्बों तक पहुंच चुकी हों उस दौर में सरकारी पैकेज एमएसएमई के लिए संजीवनी बनना चाहिए। इससे न सिर्फ देश भर में आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ेंगी, बल्कि गरीबी, बेकारी, असमानता और महानगरों की ओर पलायन जैसी समस्याएं भी दूर होंगी।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-with-strengthening-of-msme-problem-of-poverty-unemployment-and-migration-will-be-solved-20275395.html



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey